प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,

आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का आज लखनऊ आगमन पर हुआ जोरदार स्वागत : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया अभिनन्दन।
2. मुख्यमंत्री ने कहा– शुभांशु की उपलब्धि से बढ़ा है देश का सम्मान : प्रदेश में स्पेस रिसर्च के लिये स्कॉलर शिप योजना शुरू करेगी सरकार।
3. बुलंदशहर में एक सड़क हादसे में नौ श्रद्धालुओं की मौत, 42 घायल : मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को दो–दो लाख और घायलों को 50–50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। और
4. प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से कई प्रमुख नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर : मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिये भारी बारिश का जारी किया अलर्ट।

———————

अंतरिक्ष यात्रा से लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का आज उनके गृह नगर लखनऊ आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकभवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में शुभांशु और उनके माता–पिता का अभिनन्दन किया।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, इसरो के अध्यक्ष बी. नारायण तथा प्रदेश सरकार के कइ मंत्री और अधिकारीगण मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने शुभांशु की उपलब्धियों की सराहना करते हुए प्रदेश के हर नागरिक के लिये इसे प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि शुभांशु की अंतरिक्ष यात्रा भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रमो के लिये महत्वपूर्ण साबित होगी। बाइट......

*हर भारतवासी बड़े विश्वास के साथ उनकी यात्रा को आशा भरी निगाहों से देख रहा था और यात्रा के सकुशल वापसी के उपरांत आज उनका अपने घर में वापसी हुआ है। लखनऊवासियों ने और हर उत्तर प्रदेशवासी के मन में एक नई उत्सुकता थी और आज उनके अनुभवों को इस मंच के माध्यम से यहां पर साझा करने का अवसर भी प्राप्त हुआ है। मैं इस अवसर पर उनका और उनके पूजनीय माता पिता का हृदय से स्वागत और अभिनंदन करता हूं।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो छात्र स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में उच्च अध्ययन करना चाहते हैं, उनके लिये प्रदेश सरकार शुभांशु शुक्ला के नाम पर स्कालरशिप योजना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि शुभांशु का अनुभव हमारे देश के अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े अन्य मिशन में मदद करने वाला साबित होगा, उनक अनुभवों से हमारी नई पीढ़ी सिखेगी। बाइट......

*उत्तर प्रदेश के पहले ऐसे स्पेस मिशन के साथ जुड़ने वाले पहले यात्री बने हैं तो हम लोग एक स्कॉलरशिप से पूर्व कैप्टन सुधांशु शुक्ला के लिए ही*

*जारी करेंगे जो उन छात्रों के लिए हम जारी करेंगे जो छात्र स्पेस टेक्नोलॉजी में अपना उच्च अध्ययन अर्जित करना चाहते हैं।*

———————

इससे पूर्व शुभांशु शुक्ला का आज सुबह लखनऊ पहुंचने पर चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मेयर सुषमा खकवाल ने स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि शुभांशु ने अपने शहर और देश को गौरवान्वित किया है। आज पूरा शहर गर्व का अनुभव कर रहा है। बाइट....

*आज लखनऊ के लिए बहुत ही बड़ा दिन है जब माँ भारती का बेटा लखनऊ का लाल लखनऊ की धरती पर कदम रखा क्षण का इंजार लखनऊ वासी बड़े लंबे समय से कर रहे थे आज वो क्षण आया हम सबने आदरणीय सुभांशु शुक्ला जी का हृदय की गहराई से स्वागत किया है। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में जिस ढंग से दुनिया में अंतरिक्ष विज्ञान की चर्चा भारत की हो रही है वो अद्‍भुत क्षण है।*

इसके बाद शुभांशु शुक्ला ने अपने स्कूल द्वारा आयोजित विजय परेड में भागीदारी की। विजय परेड के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों ने उन पर पुष्प वर्षा की और तिरंगा लहराया। इस दौरान स्कूली बच्चे भी बेहद उत्साहित दिखे। बाइट.....

*शुभांशु शुक्ला जी आए बहुत अच्छा अवसर मिला। बहुत कम ऐसा मिलता है बड़े लोगों से मिलने का बहुत अच्छा लगा शुभांशु शुक्ला जी से मिलने।*

शुभांशु के सम्मान में उनके स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शुभांशु ने स्कूल के

विद्यार्थियों को एक अंतरिक्ष यात्री के रूप में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

उन्होंने कहा कि लक्ष्य हासिल करने के लिए मजबूत दृढ इच्छा शक्ति की जरूरत होती है। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने कहा कि अंतरिक्ष से भारत बहुत सुंदर दिखता है उन्होंने कहा कि यह बात मैं एक भारतीय होने के नाते नहीं कह रहा हूं बल्कि यह हकीकत है। बाइट.....

*इतना सुंदर भारत वहाँ से दिखता है। वाकई बहुत सुंदर दिखता है और बहुत अलग सा एक इमोशनल रिस्पॉन्स होता है जब आप उसको देखते है पहली बार अंतरिक्ष से आप अपनी कंट्री को देखते हैं जहाँ पे आप बड़े बड़े है जहाँ पे आपके सारे फ्रेंड्स और फैमिलीज है तो बहुत स्ट्रांग फीलिंग्स होती है बट वाकई में भारत सारे जहाँ से अच्छा दिखता है।*

भारत के अंतरिक्ष मिशन के बारे शुभांशु ने बताया कि हमारी तैयारी पूरी है, अंतरिक्ष में भारत का भविष्य स्वर्णिम है। बाइट......

*हमारे आलरेडी प्लान्स बन चुके हैं। हमें उन्हें एक्जीक्यूट करना है। तो ये जो मोमेंटम बना है अभी इसको उसे करके हमें आगे जाना है और हमें वो सारे मिशन्स एक्जीक्यूट करने हैं जिनका हमने अपनी पॉलिसी में इस समय मेंशन किया हुआ है। तो मुझे लगता है कि बहुत गोल्डन पीरियड है और आगे आने वाले सालों में आप कई सारे सक्सेसफुल मिशन देखेंगे जब भारत की जल्दी से भारत के लॉन्च वेहिकल पे कैप्सूल पे कोई भारतीय ऊपर स्पेस जाएगा।*

इस अवसर पर भारतीय डाक विभाग ने शुभांशु शुक्ला के सम्मान में विशेष पोस्टल आवरण भी जारी किया।

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

**लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 26 से 28 अगस्त तक तीन दिवसीय रोज़गार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश–विदेश की सौ से अधिक नामी कंपनिया हिस्सा लेंगी। पेश है एक रिपोर्ट........**

*रोज़गार महाकुंभ में कंपनियां ऑन.स्पॉट इंटरव्यू और प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करेंगी, जिसमें 50 हजार से अधिक युवाओं को नौकरी का अवसर दिया जाएगा। रोजगार महाकुंभ से प्रदेश के इंजीनियरिंग और तकनीकी पृष्ठभूमि के युवाओं को बड़ा लाभ मिलेगा, वहीं एग्ज़िबिशन पवेलियन के माध्यम से युवाओं को प्रदेश की प्रगति नई औद्योगिक नीतियों और कौशल विकास मॉडल की झलक भी देखने को मिलेगी। इस तीन दिवसीय रोजगार महाकुंभ में जहां वित्तीय और बैंकिंग सेवाओं से जुड़ी कंपनियां शामिल होंगी वहीं मैन्युफैक्चरिंग और ऑटोमोबाइल सेक्टर से जुड़ी कंपनियां रोजगार की बड़ी संभावनाएं लेकर आएंगी।*

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में यह आयोजन प्रदेश की अर्थव्यवस्था निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति देने वाला साबित होगा। समाचार कक्ष से शैलेन्द्र शर्मा।*

———————

बुलंदशहर जनपद में राष्ट्रीय राजमार्ग 34 पर घटाल गांव के निकट एक तेज रफ्तार कंटेनर ने श्रद्धालुओं से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी। हादसे में ट्राली में सवार नौ लोगों की मौत हो गई, और 42 लोग घायल हो गये। बुलंदशहर के एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि कल देर रात यह दुर्घटना उस समय घटित हुई जब जनपद कासगंज के थाना सोरो क्षेत्र से ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर करीब 60 श्रद्धालु राजस्थान के हनुमानगढ़ स्थित गोगामेड़ी में जहानवीर बाबा के दर्शन के लिये जा रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख और घायलों को 50–50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

———————

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के चौवालिसवें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने एक सौ इकसठ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किया। उन्होंने तीन सौ एक विद्यार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी। राज्यपाल ने इस अवसर पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

——————————

पीलीभीत के सांसद और केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने आज पीलीभीत जिले में कई कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रमों में जनता की समस्याएं सुनीं और बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा लगाई गई रेसिपी प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया। उन्होंने यहां उपलब्ध ताजी सब्जियों को स्वास्थ्य के लिये उपयोगी बताया। श्री प्रसाद ने कई पार्टी जनों के यहां परिजनों की मृत्यु होने पर पहुंचकर शोक संवेदनाएं भी व्यक्त की।

——————————

प्रदेश के कई जिलों में आज सुबह से रुक रुक कर हो रही बारिश का सिलसिला जारी है, वहीं बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण बदायूं और फर्रुखाबाद में गंगा, बाराबंकी, बलिया में घाघरा और औरैया में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। राजधानी लखनऊ और आसपास के जिलों में कल से लगातार हो रही वर्षा के कारण जन जीवन प्रभावित हुआ है। जौनपुर और रायबरेली सहित कुछ जिलों में बारिश के चलते आज स्कूलों में अवकाश रहा।

फतेहपुर के बिंदकी तहसील के हरदौली गांव में लगातार हो रही बारिश के कारण आज सुबह एक कच्चा मकान ढहन से उसके मलबे में दबकर तीन लोगों की मौत

हो गई। इस बीच मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के लिये राज्य में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

———————————

प्रदेश के लघु उद्योग राज्य मंत्री वैश्य नटवर गोयल ने आज अयोध्या में मीडिया से बात करते हुए वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि देश में लगातार चुनाव होते रहते हैं जिससे समय और संसाधनों की भारी बर्बादी होती है। अधिकारी और कर्मचारी चुनावी ड्यूटी में व्यस्त रहते हैं जिससे जनता के कार्य प्रभावित होते हैं। यदि एक साथ चुनाव कराए जाएं तो लगभग 7 लाख करोड़ रुपये की बचत होगी जिसे विकास कार्यों में लगाया जा सकता है। उन्होंने लघु उद्योगों और युवाओं के रोजगार को लेकर बताया कि एमएसएमई के माध्यम से लाखों युवाओं को स्वरोजगार का अवसर मिला है।

———————————